तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को मिल रही त्वरित सहायता



10 27 दिनों की अथक चिकित्सा से नन्ही जान को मिला नया जीवन



# कलेक्टर ने छात्रों से किया संवाद, एकाग्रता-निरंतरता का दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने रविवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाओं, यातायात व्यवस्था तथा आम नागरिकों के लिए उपलब्ध सेवाओं की स्थिति, विभिन्न खेल मैदानों की व्यवस्थाओं, खेल सुविधाओं एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ने हाता ग्राउंड, सिटी ग्राउंड, क्रीड़ा परिसर तथा इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम का निरीक्षण कर खेल सुविधाओं एवं रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने खेल गतिविधियों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही खेल गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण क्रम में कलेक्टर ने लाला जगदलपुरी लाइब्रेरी पहुंचकर अध्ययनरत युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं से उनकी तैयारी, अध्ययन संबंधी आवश्यकताओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को एकाग्रता एवं निरंतरता के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**बाजारों में पहुंचे, स्वच्छता बनाने कहा :** कलेक्टर ने दशहरा पसरा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बस्तर दशहरा को समर्पित दशहरा पसरा स्थल में प्रदर्शित फोटो और भवन की अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने गोल बाजार, इतवारी बाज़ार सहित अन्य व्यस्त बाजार क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बाजारों में स्वच्छता, यातायात प्रबंधन एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा को दिए।

**खास बातें**

- कलेक्टर ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- बाजारों में स्वच्छता पर जोर देने के दिए निर्देश





### तालाबों के संरक्षण के बारे में जाना

निरीक्षण के दौरान टाउन हॉल एवं नालंदा परिसर का भी अवलोकन किया गया, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही गंगा मुंडा तालाब पहुंचकर तालाब की सफाई एवं संरक्षण संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने तालाब की जलस्तर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए नगर निगम को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के जलस्रोतों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### मलकानगिरी से लखमा ने फोन से सुकमा कलेक्टर से की चर्चा

**जगदलपुर।** कोंटा विधायक कवासी लखमा ने सुकमा कलेक्टर से फोन पर जनता को बेहतर इलाज देने के संबंध में चर्चा की। विधायक ने सुकमा हॉस्पिटल में जरुरत की दवाइयां उपलब्ध कराने कहा। साथ ही सर्जन डॉ. अनामय के हफ्ते में 2 दिन सुकमा हॉस्पिटल में सेवा देने की व्यवस्था करने कहा है। उन्होंने पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी से फोन पर चर्चा में कहा कि डॉ. अनामय सुकमा हॉस्पिटल में सेवा देते समय लोगों का उनके प्रति विश्वास बढ़ा था। जनता उनके कार्य से खुश व संतुष्ट थी।

### आज लगेगा भानपुरी मेला, पहले देवी देवताओं की होगी पूजा- अर्चना

**भानपुरी।** नगर में सोमवार को विशाल मेले का आयोजन किया गया है। ग्राम देवी देवताओं के आगमन पश्चात शीतला माता मंदिर मे पूजा पाठ कर मेले की शुरुआत होती है। पिछले 41 वर्षों से भानपुरी मे ग्रामवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले मे दूर दराज से दुकानदार पहुंच मेले को मूर्तरूप देते है।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को ज्ञापन देकर जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग में शराब पीकर महिला सुरक्षा गार्ड व लैब कर्मचारियों के साथ रात्रि मे शराब के नशे में धुत्त अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज करने के कारण सहायक नोडल अधिकारी को उनके मूलपदस्थपना स्थान पर वापस भेजने की मांग की। ज्ञापन में संघ के जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि फिरोज खान सहायक नोडल अधिकारी नेत्र विभाग द्वारा 9 दिसंगर 2025 को समय रात्रि 9.40 बजे महारानी अस्पताल परिसर नेत्र विभाग एवं पैथेलॉजी लैब के सामने शराब के नशे में धुत्त महिला गार्ड कर्मी के साथ-साथ रात्रिकालीन महिला लैब कर्मचारियों को भी अपने सहायक नोडल अधिकारी होने के रौब जताते हुए गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया। उसके बाद खान को गार्ड कर्मचारियों द्वारा बहुत समझाया गया कि नशे में हैं, आप यहां से चले जाइये, उसके बाद भी उन्ही महिला गार्ड कर्मियों द्वारा समझाइश देने बाद भी गाली-गलौज किया। संबंधित नोडल अधिकारी का यह कृत्य अशोभनीय है कोई भी अधिकारी, कर्मचारी का शराब सेवन कर ड्यूटी में आना शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (1) (एक) (दो) (तीन) का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे कृत्य करने वाले वाले संबन्धित सहायक नोडल अधिकारी से तत्काल हटाते हुए उनके मूल पदस्थापना स्थान पर भेजा जाय एवं गठित जांच दल को यथाशीघ्र जांच कराने हेतु आदेशित किया जाए।

### जनेउ व मंगलसूत्र के साथ अभ्यर्थियों ने दिया एक्जाम

# एक दर्जन परीक्षार्थियों की काटी गईं आस्तीन

# पीएससी परीक्षा में शामिल हुए 2293 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में अभ्यर्थियों ने जनेउ और मंगलसूत्र के साथ परीक्षा दी। वहीं लगभग एक दर्जन अभ्यर्थियों के आस्तीन काटे गए।

शहर के सात प्रमुख शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां सुबह से ही अभ्यर्थियों की भारी गहमागहमी और उत्साह देखने को मिला। जिले में 2841 पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, जिसमें से प्रथम पाली की सामान्य अध्ययन की परीक्षा में 2293 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 548 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा में बस्तर के युवाओं का खासा उत्साह बरकरार रहा, जहां 2170 अभ्यर्थियों ने अपनी किस्मत आजमाई, जबकि इस सत्र में 671 परीक्षार्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए।

परीक्षा की नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदनी साहू ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए उड़नदस्ता दलों ने केंद्रों पर मोर्चा संभाले रखा। नियमों की सख्ती का आलम यह रहा कि परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले ही केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए और देरी से पहुंचने वाले किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद, प्रशासन ने दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाली द्वितीय पाली यानी योग्यता परीक्षा के लिए भी अपनी मुस्तैदी बनाए रखी। सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों पर जैमर का भी उपयोग किया गया।

**राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2025**








### अभ्यर्थियों की ली सघन तलाशी

प्रशासन ने परीक्षा की निष्पक्षता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए समुचित इंतजाम किए थे। जिसके तहत केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर के माध्यम से अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई और साइबर सुरक्षा के मद्देनजर जैमर का उपयोग कर तकनीकी गड़बड़ी की हर गुंजाइश को समाप्त कर दिया गया।

# लखेश्वर बने कांग्रेस विधायक दल के उपनेता, मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विधायक लखेश्वर बघेल को छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का उपनेता नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आल इन्डिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से सूचना दी गई। पत्र के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता, मुख्य सचेतक एवं उप सचेतक के पदों पर नियुक्ति के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय के तहत लखेश्वर बघेल को उपनेता, दलेश्वर साहू को मुख्य सचेतक तथा दिलीप लहरिया को उप सचेतक नियुक्त किया गया है। संगठनात्मक अनुभव और जनसंपर्क का मिला सम्मान बघेल लंबे समय से बस्तर क्षेत्र में सक्रिय राजनीति करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। विधानसभा में उनकी प्रभावशाली उपस्थिति और क्षेत्रीय समस्याओं पर स्पष्ट पक्ष रखने की शैली के कारण वे जनता और संगठन दोनों के बीच लोकप्रिय रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और मजबूत जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से कांग्रेस विधायक दल को मजबूती मिलेगी और बस्तर की आवाज विधानसभा में और प्रभावशाली ढंग से उठेगी।

**शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार :** कांग्रेस पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि श्री बघेल के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। प्रदेश राजनीति में इस नियुक्ति को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम माना जा रहा है, जो आने वाले समय में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा प्रदान कर सकता है।



- बस्तर के लिए गौरव का क्षण, संगठन में उत्साह

### बस्तर के कार्यकर्ताओं में उत्सव का माहौल

घोषणा के बाद बस्तर विधानसभा क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि श्री बघेल के उपनेता बनने से बस्तर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में अधिक प्रभावी ढंग से रखा जा सकेगा।

# शिकार करने के बाद वापस नहीं पहुंचा तेंदुआ, वन विभाग ने लगाए 2 कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा ब्लॉक के ककालगुर के जंगल में तेंदुआ ने बैल का शिकार के बाद भाग गया। बैल को खाने के लिए वापस आने की संभावना से वन विभाग ने शनिवार को उसके आसपास दो कैमरे लगाए गए हैं। तेंदुए की मूवमेंट ट्रैक करने के लिए रात की दृष्टि वाले कैमरे लगाए हैं। रविवार की सुबह वन कर्मियों ने कैमरों को देखा कि तेंदुए की मूवमेंट नहीं दिखी। ग्रामीणों को डर है कि तेंदुआ फिर से हमला कर सकता है। तेंदुए की दस्तक ने ग्रामीणों के नींद उड़ा दी है। इसके बाद भी परिक्षेत्र अधिकारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

- तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों की उड़ी नींद
- फिर से हमला करने का भय



### भय के साए में जीने को मजबूर

बताया जा रहा है कि दरभा ब्लॉक के ककालगुर बीट कक्ष क्रमांक 1425 में शुक्रवार की रात को तेंदुए ने बैल का शिकार किया। ककालगुर गांव के ग्रामीणों ने सुबह देखा किया तेंदुए के शिकार से बैल का मार कर भाग गया। उसके बाद से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। तेंदुए की सक्रियता ने लोगों को भयभीत कर दिया है, लोगों को भय के साए में जीने को मजबूर कर दिया है।



## 7 से 10 रुपए किलो में बिका टमाटर, मटर 20 रुपए में

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में टमाटर के दामों में गिरावट देखी गई, टमाटर 7 से 10 रुपए प्रति किलो बिका। सब्जी के दाम कम होने से राहत मिली है, सब्जी के दाम कम होने से लोग बड़ी मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं। मांग से अधिक सब्जियों का उत्पादन होने के कारण टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर समेत सभी मौसमी सब्जियां काफी सस्ती हो गई हैं। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कांग्रेस का कृत्य देश विरोधी और छवि बिगाड़ने वाला : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एआई समिट में कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा किये गये शर्मनाक व बेहूदा कृत्य के विरोध में रविवार को भा र ती य जनता पार्टी म हि ला मोर्चा ने गुरुनानक चौक में धरना प्रदर्शन किया और कांग्रेस के कृत्य को देश विरोधी और देश की छवि को बिगाड़ने वाला बताया। धरना प्रदर्शन में सांसद महेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव,राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, योगेश ठाकुर, ललिता बघेल,सुधा मिश्रा, ममता राणा ने संबोधन दिया। वक्ताओं ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुये कहा कि देश की ▶▶| शेष पेज 10 पर

- एआई समिट में कांग्रेस की शर्मनाक करतूत के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का धरना प्रदर्शन




### अनुष्ठान में हुआ दंतेश्वरी चालीसा के रचयिता और गायक का सम्मान

# श्रीमद देवी भागवत महापुराण, निकाली मां कुष्मांडा की पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के पांचवें दिन रविवार को मां कुष्मांडा के साथ ही भगवान कृष्ण जन्म और योगमाया प्राकट्य की कथा सुनाई गई।

कथा सुनाते हुए बनारस से आए आचार्य सुमित भारद्वाज ने कहा कि बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी है, यहां गांव-गांव में मातागुड़ी है, बस्तर के मातृशक्ति लक्ष्मी है। मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के दौरान भगवान कृष्ण जन्म की कथा सुनते हुए योगमाया प्रादुर्भाव के संदर्भ में आचार्य ने कहा कि भारतवासी हर वस्तु में देवी शक्ति की अनुभूति करते हैं। उन्होंने बताया कि योगमाया जिनका दूसरा नाम विंध्यवासिनी है, इन्हें छत्तीसगढ़ वासी बिलई माता के नाम से हजारों साल से पूजते आ रहे हैं। योगमाया ने गोकुल में जन्म लिया था। यह संयोग ही है कि धमतरी के जिस स्थान पर बिलई माता अर्थात विंध्यवासिनी का मंदिर है, वह स्थान भी गोकुलपुर कहलाता है। कथा के दौरान प्रतिदिन की भांति मां दंतेश्वरी चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस मौके पर मां दंतेश्वरी चालीसा के रचनाकार सत्यनारायण मिश्रा और चालीसा को स्वरबद्ध करने वाले गायक विजय पटनायक का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

- भगवान कृष्ण जन्म और योगमाया प्राकट्य की सुनाई कथा



### मनाया योगमाया प्राकट्य उत्सव

देवी भागवत महापुराण के दौरान पांचवें दिन मां कुष्मांडा की झांकी प्रस्तुत की गई, वहीं मां कुष्मांडा को पालकी में बिठाकर नगर भ्रमण कराया गया। इसके पहले योगमाया और कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नगर के दो बच्चों ने सनातन पद्धति से अपना जन्मोत्सव मनाया। सैकड़ों लोगों ने इन बच्चों को अपना आशीष दिया।



# यात्री बसों में आपातकालीन खिड़की पैनिक बटन, जीपीएस और स्पीड गवर्नर की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बसों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, परिवहन अधिकारी द्वारा बसों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। जांच में आपातकालीन खिड़की, जीपीएस ट्रैकिंग, सीसीटीवी, स्पीड गवर्नर, पैनिक बटन, अग्निशामक यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स की क्रियाशीलता अनिवार्य रूप से जांची जा रही है। परिवहन विभाग बस के पंजीकरण और संचालन की वैधता सुनिश्चित करने, सुरक्षा मानकों का पालन करवाने और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए एक नियमित प्रक्रिया है। यात्रियों की संख्या और खड़े होकर यात्रा करने की सुविधा देखी। सीटों की संख्या और उनकी बनावट को जांचा, बस के अंदरूनी हिस्से की लंबाई, चौड़ाई और गलियारे को देखा।

**बसों में सुरक्षा जरुरी :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि बसों की जांच के बिना परमिट नहीं दिया जाएगा। इसलिए बसों में सुरक्षा आदि जरूरी होना है।

- सुरक्षा सुनिश्चित करने परिवहन अधिकारी बसों का कर रहे सघन निरीक्षण

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने जवानों की समस्याओं को सुना, विशेष कार्ययोजना को भी जाना



**केशकाल।** पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा ने थाना केसकाल क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुएमारी कैंप एवं नवीन थाना भवन प्रस्तावित का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैंप में उपस्थित सीएएफ बटालियन की बी कंपनी एवं जिला बल के अफसर- जवानों का दरबार लेकर व्यक्तिगत, परिवार संबंधी जानकारी ली। उनकी समस्याओं एवं गुजारिश को सुना। हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं उच्च शिक्षा के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों को उनके बालक बालिकाओं को मिलने वाली शासन एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से योजना तैयार की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने कैंप कुएमारी में स्थापित सीएएफ एवं जिला बल के जवानों को शाबाशी दी। उन्होंने कैंप में पदस्थ अधिकारी- कर्मचारियों की विशेष कार्ययोजना को देखकर एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को उचित इनाम की अनुशंसा भी की है।

### सड़क हादसे में मौत, ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम आंखीहर्रा और मर्रामपानी तिराहा के पास 31 नवंबर को शाम 6 बजें हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 आर 6260 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया। टक्कर के कारण आई गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 आर 6260 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ग्राम बरहेली का कल वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरहेली में बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेला 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले को लेकर ग्राम पंचायत बरहेली के सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंच एवं समस्त ग्रामीण पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष मेला खास इसलिए भी रहेगा क्योंकि पहली बार इसका आयोजन ग्राम पंचायत की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। मेले में आने वाले दुकानदारों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बिजली कनेक्शन की विशेष व्यवस्था की जा रही है और साथ ही पेयजल सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि व्यापारियों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच, जिला राजनंदगांव की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

### शराब पीने की बात पर मारपीट एवं धमकी, पीड़ित ने थाने में की रिपोर्ट

**कांकेर।** बड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम सोनपाल में शराब पीने की बात को लेकर दो व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना गांव में आयोजित देवी पूजा कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां पीड़ित शामिल होने गया था। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

थाना बड़गांव में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे ग्राम सोनपाल निवासी कंवलसिंह मंडावी पिता परदेशी राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। 19 फरवरी को गांव के ही मेशोराम कोला के घर देवी पूजा कार्यक्रम का आयोजन था, जिसमें उसे आमंत्रित किया गया था। दोपहर के समय वह अकेले कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा, जहां गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे। पीड़ित के अनुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे देवी पूजा संपन्न होने के बाद जब भोजन की तैयारी चल रही थी, उसी दौरान गांव के ही बिनेश दुग्गा ने शराब पीने की बात को लेकर उससे गाली-गलौच शुरू कर दी।

# सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को मिल रही त्वरित सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन 10 मार्च 2017 से किया जा रहा है। यह केंद्र हिंसा से पीड़ित एवं जरुरतमंद महिलाओं को त्वरित और समग्र सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता, पुलिस सहयोग, विधिक परामर्श, मनोसामाजिक काउंसलिंग तथा अस्थायी आश्रय की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें भटकना न पड़े। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि जरूरत के समय महिलाएं निःसंकोच सहायता ले सकें।

**हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए 24 घंटे संबल और संरक्षण**






**टोल फ्री नंबर पर 24 घंटे मिलेगी मदद –** पीड़ित महिलाएं टोल फ्री नंबर पर सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर लगातार 24 घंटे संचालित रहता है और जरुरतमंद महिलाओं के लिए हमेशा खुला है। सखी वन स्टॉप सेंटर की यह पहल जिले में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

**अब तक 1998 प्रकरणों का किया गया निराकरण –** जिले में अब तक कुल 1998 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें घरेलू हिंसा के 993 प्रकरण, प्रेम प्रसंग से जुड़े 79 मामले, भटकी गुमशुदा महिलाओं के 99 प्रकरण, 776 महिलाओं एवं बालिकाओं को अस्थायी आश्रय प्रदान कर सहायता केंद्र द्वारा मामलों का त्वरित निराकरण कर पीड़ितों को समय पर न्याय और संरक्षण दिलाया गया है।

## जिला अस्पताल कोंडागांव की एसएनसीयू बनी उम्मीद की किरण

# 27 दिनों की अथक चिकित्सा से नन्ही जान को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला अस्पताल की नवजात गहन चिकित्सा इकाई एसएनसीयू में एक गंभीर नवजात शिशु को नया जीवन देकर चिकित्सकों ने मानवता और समर्पण की मिसाल पेश की है। ग्राम राकसबेड़ा, विकासखंड माकड़ी निवासी सुखदई मरकाम एवं चौतराम मरकाम के नवजात शिशु को जन्म के बाद गंभीर अवस्था में भर्ती किया गया था। 27 दिनों के सतत उपचार के बाद शिशु पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटा।

- गंभीर स्थिति में जन्मे नवजात का सफल उपचार

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के सतत निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेमलाल मंडावी के नेतृत्व में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक उपकरण, दवाइयों की उपलब्धता और नियमित मॉनिटरिंग से एसएनसीयू दूरस्थ अंचलों के लिए आशा की किरण बन चुकी है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के तहत अब जिला मुख्यालयों पर ही उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रें के लोगों को महानगरों का रुख नहीं करना पड़ रहा। यह सफलता जिला अस्पताल के टीमवर्क, समर्पण और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।



**जन्म के बाद सामने आई गंभीर चुनौतियां –**

18 दिसंबर 2025 को जन्मे इस नवजात का वजन 2.70 किलोग्राम था। जन्म के तुरंत बाद बर्थ एस्फिक्सिया, लगातार दौरे, संक्रमण और अन्य जटिल समस्याएं सामने आईं। 20 दिसंबर को शिशु को एसएनसीयू में भर्ती किया गया। गर्भावस्था के दौरान माता में गंभीर ओलिगोहाइड्राम्नियोस की स्थिति भी पाई गई थी, जिससे जोखिम और बढ़ गया था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रुद्र कश्यप, डॉ. राजेश बघेल एवं डॉ. परोमिता सूत्रधार सहित पूरी एसएनसीयू टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। प्रारंभिक दिनों में ऑक्सीजन सपोर्ट और एंटीबायोटिक दिए गए। स्थिति गंभीर होने पर शिशु को पांचवें दिन मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखा गया, जहां 12 दिनों तक गहन निगरानी में उपचार चला। उपचार के दौरान सेप्सिस एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग जैसी जटिलताओं का भी सफलतापूर्वक सामना किया गया।

**कंगारू मदर केयर से हुआ उल्लेखनीय सुधार –**

लगातार 18 दिनों के उपचार के बाद शिशु की स्थिति में सुधार होने लगा। इसके बाद 19वें दिन से 10 दिनों तक कंगारू मदर केयर केएमसी शुरू की गई, जिससे शिशु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। लगभग 27 दिनों के अथक प्रयासों के बाद शिशु को पूर्णतः स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# संपूर्णता अभियान के तहत 42 हजार लोगों की हुई टीबी स्क्रीनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिला कोण्डागांव में टीबी उन्मूलन की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. हरेन्द्र बघेल के नेतृत्व में अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सम्पूर्णता अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में 28 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक टीबी स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान कुल 42,000 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 92 टीबी संभावित मरीज चिन्हित किए गए हैं।

**टीबी के प्रमुख लक्षणों पर रहा विशेष ध्यान**

स्क्रीनिंग के दौरान टीबी के प्रमुख लक्षणों जैसे एक सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी में खून आना, छाती में दर्द, वजन का लगातार घटना, भूख न लगना, बुखार आना को आधार बनाकर जांच की गई। कोण्डागांव जिले का टीबी उन्मूलन का वार्षिक लक्ष्य 900 मरीजों का है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण जिले में पंचायतों, सभी विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों, आश्रमों एवं घर-घर भ्रमण कर टीबी स्क्रीनिंग की जा रही है।

**मैदानी अमले की सक्रिय भूमिका**

इस व्यापक अभियान को सफल बनाने में मितानिन, एमटी, बीसी, एएनएम, आरएचओ, सुपरवाइजर, बीटीओ, बीपीएम एवं टीबी सुपरवाइजर सहित मैदानी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संपूर्णता अभियान के माध्यम से समय रहते टीबी संभावित मरीजों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया जा रहा है।

# मर्दापाल मेला में ग्रामीणों को मिली विकसित भारत जी–राम–जी योजना की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत मर्दापाल मेला में विकसित भारत जी–राम–जी योजना के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से विशेष स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजना की जानकारी प्राप्त की।

मेले में उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत जी–राम–जी योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं पात्रता से अवगत कराया गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान भी किया गया, जिससे योजना को लेकर जागरूकता बढ़ी। स्टॉल के साथ–साथ ई–केवाईसी शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें नेटवर्क विहीन पंचायतों के हितग्राहियों, आधार फेस डिटेक्शन से संबंधित समस्याओं वाले हितग्राहियों तथा अब तक ई–केवाईसी से वंचित शेष हितग्राहियों को बुलाकर उनकी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

**28 पंचायतों के हितग्राही ले रहे भाग**

इस शिविर में कुल 28 पंचायतों के हितग्राही शामिल हो रहे हैं। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र ग्रामीणों की ई–केवाईसी पूर्ण कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है।

**22 फरवरी तक चलेगा शिविर**

यह ई–केवाईसी शिविर 20 से 22 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के निर्देशानुसार किया जा रहा है, ताकि अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

# बंधा तालाब में चला स्वच्छता अभियान, पूर्व सैनिकों और युवाओं ने निकाली जलकुंभी

**कोण्डागांव।** नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 फरवरी को मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में बंधा तालाब में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। जिसमें जलकुंभियों को निकालकर तालाब की साफ–सफाई की गई। अभियान में पूर्व सैनिकों के साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे लगभग 70 युवक–युवतियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर तालाब क्षेत्र की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि साफ–सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और स्वच्छ वातावरण हमें कई बीमारियों और परेशानियों से दूर रखता है। वहीं जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और प्रसन्न मन की आधारशिला है। अभियान के दौरान सभी ने स्वच्छ कोंडागांव सुंदर कोंडागांव, स्वच्छ भारत सुंदर भारत, मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी और भारत माता की जय जैसे नारों के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



**ये रहे प्रमुख सहभागी –** इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, पूर्व सैनिक राकेश धीवर सहित बड़ी संख्या में युवक–युवतियां उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदा के 8 प्रकरणों में 32 लाख की सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 8 प्रकरणों में पीड़ित परिवारों के वारिसों को कुल 32 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैंगुड़ा तहसील के ग्राम पाढ़ापुर निवासी बोरजी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री देवो को 4 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

मर्दापाल तहसील के ग्राम कागां निवासी जुगधर की मृत्यु के उपरांत उनकी माता घसनी बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। कोण्डागांव तहसील के ग्राम बासगांव निवासी उषा की मृत्यु पर माता देवंती एवं पिता गजुराम को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसी तहसील के ग्राम बड़ेभिरावण्ड निवासी चनउराम की मृत्यु पर उनकी पत्नी जानकी, पुत्र गोविंद व मनीष तथा पुत्री रजो व अनिता को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम पीढ़ापाल निवासी सोभीराम की मृत्यु पर पत्नी सियाबती को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। ग्राम कोरगांव निवासी गोविंद की मृत्यु पर माता संतोषी व पिता राजकुमार को 4 लाख रुपये दिए गए। इसी ग्राम की जयोबाई की मृत्यु पर उनकी पुत्री कुमारी संगीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

- वारिसों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरण के दिए निर्देश

**सर्पदंश से मृत्यु पर भी दी गई राहत**

केशकाल तहसील के ग्राम उपरमुरवेण्ड निवासी फुलेश्वरी मण्डावी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति मंगलराम मण्डावी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

**राशि बैंक खातों में हस्तांतरित करने के निर्देश**

कलेक्टर द्वारा स्वीकृत समस्त सहायता राशि संबंधित वारिसों के बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरण के लिए संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं।

## जिला प्रशासन व आदिवासी विकास विभाग के निर्देश पर आयोजन

# दहिकोंगा में कक्ष साज–सज्जा प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं की रचनात्मकता को मिला मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास दहिकोंगा एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रावास दहिकोंगा में जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग के सहयोग से सहायक आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार 12 से 15 फरवरी तक कक्ष साज–सज्जा प्रतियोगिता का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

- प्री मैट्रिक कन्या व बालक छात्रावास में स्पर्धा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद पंचायत सदस्य लुभा सिंह नाग उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पंच सुषमा सिन्हा, कविता कश्यप, पालक–बालक समिति सदस्य प्रदीप मौर्य, अभिभावकगण, अधीक्षक पिलसांय सोढ़ी, अधिक्षिका श्रीमती उज्ज्वला एवं छात्रावास के कर्मचारीगण मौजूद रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा नृत्य एवं गीत की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया।





**कन्या छात्रवास के विजेता कक्ष**

कन्या छात्रवास में कक्ष क्रमांक 9 कस्तूरबा गांधी कक्ष को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान सुभाष चंद्र बोस कक्ष तथा तृतीय स्थान महात्मा गांधी कक्ष को मिला।

**बालक छात्रवास के विजेता कक्ष**

बालक छात्रवास दहिकोंगा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन कक्ष प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान सचिन तेंदुलकर कक्ष तथा तृतीय स्थान शहीद वीर नारायण कक्ष को प्राप्त हुआ।

## पेज 9 के शेष

### शिकार करने के बाद...

शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि ककालगुर गांव में कोटवार से मुनादी की गई कि रात में बाहर न घूमें। अपने बच्चों एवं पालतू जानवरों का ख्याल रखें और यदि उन्हें तेंदुआ दिखाई दे तो विभाग को सूचित करें।

**टीम से बढ़ाई निगरानी :** वन विभाग के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि तेंदुए की निगरानी और पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं। कैमरों और विशेष टीम से निगरानी बढ़ाई गई है। साथ ही रेंजर एवं मैदानी कर्मियों निर्देश दिए गए।

### 7 से 10 रुपए किलो...

पत्तागोभी 30, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 80 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 20 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

### कांग्रेस का कृत्य...

जनता जनार्दन द्वारा बारंबार नकारे जाने के बाद हार की हताशा में कांग्रेस पार्टी भारत देश का ही विरोध करने में उतारू हो गयी है। एआई समिट में कांग्रेस की करतूत इसका उदाहरण है। देश की जागरूक जनता देश की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस को कभी नहीं बख्शेगी।

**ये रहे उपस्थित :** धरना प्रदर्शन में मंच संचालन लक्ष्मी कश्यप व आभार प्रदर्शन अलका सेंगर ने किया। विरोध धरना कार्यक्रम में सुब्रतो विश्वास, शशिनाथ पाठक, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी, दिनेश केजी, अभिलाष यादव, राजा यादव, ब्रिजेश शर्मा, कलावती कसेर, बिजली बैद, गीता नाग, मीना विश्वकर्मा, विभा सिंह सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मितानिन का किया सम्मान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा क्षेत्र में आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और मितानिन ट्रेनर का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को सराहनीय बताते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद रेणु साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी समाज के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। ये बहनें शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण के प्रति लोगों में जनजागरूगता, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशुओं की निगरानी, तथा कुपोषण की पहचान कर उचित मार्गदर्शन देने में इनकी अहम भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, वितरण, वजन और स्वास्थ्य की नियमित जांच जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

### ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सत्तीबाजार चौक में ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग समस्त व्यापारी और निवासियों ने प्रशासन से की है। इस संबंध में नगरवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए हम क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों द्वारा पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी आजाद चौक, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं पार्षद सत्तीबाजार को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। लंबे समय से इस क्षेत्र में धुमाल, डीजे, अत्यधिक तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम एवं विभिन्न प्रकार के जुलूसों के कारण असहनीय ध्वनि प्रदूषण एवं अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। तेज आवाजों से बुजुर्गों, बच्चों, विद्यार्थियों एवं विशेष रूप से समीप स्थित कंकाली हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ रहा है। कई बार अस्पताल के गंभीर मरीजों की स्थिति भी प्रभावित होती है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

### आठ से 14 वर्ष के नाबालिग बच्चों ने अपने साथी पर किया ब्लेड से हमला

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार शाम नाबालिग बच्चे आपस में भिड़ गए। आपस में भिड़ने वाले बच्चों की उम्र आठ से 14 साल के बीच बताई जा रही है। बताया जा रहा है, बच्चे नशे के सामान के बंटवारे को लेकर एक दूसरे के साथ विवाद कर रहे थे। इस दौरान तीन नाबालिगों ने एक अन्य नाबालिग पर मारपीट के बाद ब्लेड से हमला कर दिया। बच्चों द्वारा चाकू चलाए जाने की चर्चा है, लेकिन पुलिस ने इस बात से इनकार किया है। घायल बच्चे को पुलिस ने उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार घटना शाम के समय सत बहनिया मंदिर के पास हुई। श्याम नगर निवासी 8 से 14 वर्ष आयु के तीन नाबालिगों ने सतबहनिया मंदिर निवासी एक नाबालिग को घेर लिया।

## निधन

### एमवीआर कृष्णा

**जगदलपुर।** आसना निवासी एमवीआर कृष्णा (गुरुदेव ) 72 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। वे



वन विभाग से अकाउंट सुपरिटेंडेंट के पद से रिटायर्ड हुए थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 10 बजे आसना स्थित निवास स्थान से खड़कघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

---

### चार नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत आधारशिला

# नए लेबर कोड से श्रमिकों के जीवन में आएगा बदलाव : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से गीदम ब्लॉक के छिंदनार

- कार्यक्रम में 1242 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1 करोड़ 4 लाख 23 हजार की सहायता राशि बैंक खातों में अंतरित

ग्राम पंचायत में रविवार को श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 1242 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1 करोड़ 4 लाख 23 हजार रुपये की सहायता राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। कार्यक्रम के भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि राज्य शासन श्रमिकों और उनके परिवारों को सशक्त बनाने के लिए 31 से अधिक योजनाए संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक श्रमिक भाइयों-बहनों को इन योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं होगी, तब तक वे उनका लाभ नहीं ले सकेंगे। ऐसे जन संवाद सम्मेलन जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।





कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार नए श्रम कानूनों को श्रमिकों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 45 प्रतिशत आबादी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है और इनके आर्थिक-सामाजिक विकास के बिना राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। मिश्रा ने कहा कि ये चारों संहिताएँ श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाएंगी।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की योजनाओं के तहत सहायता राशि वितरित की गई। हितग्राहियों ने योजनाओं से हुए लाभ के अपने अनुभव साझा किए और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिले में एक लाख से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत 90 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। यह दर्शाता है कि सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने कहा कि विकास और निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके कल्याण के लिए शासन निरंतर प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, भाजपा उपाध्यक्ष सत्यनारायण महापात्र, महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, जय भंसाली, मंडल महामंत्री संध्या शुक्ला, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, शकुंतला भास्कर, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, तुलेश्वरी नागेश, भाजपा जिला मंत्री लता मरकाम, गौतम भाटी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नरगिस अंसारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा पीसे वेट्टी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता राजन महेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## डीएव्ही पब्लिक स्कूल किरंदुल में चिंतन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

डीएव्ही पब्लिक स्कूल किरंदुल के भारत स्काउट एवं गाइड इकाई द्वारा रविवार को विद्यालय सभागार में स्काउटिंग के संस्थापक रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बैडेन-पॉवेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एसके श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा लॉर्ड बेडन पावेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, कब एवं बुलबुल के बच्चों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड की स्थापना के उद्देश्य, सिद्धांतों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इससे होने वाले नैतिक, सामाजिक एवं शारीरिक लाभों पर प्रकाश डाला गया।

रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत विभिन्न गतिविधियों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गाइड कैप्टन अनामिका एक्का, स्काउट कैप्टन नारायण प्रसाद, कब मास्टर राकेश कुमार,संगीत शिक्षिका अर्चना बघेल, दिनेश कुमार यादव एवं लिपिक सुश्री तमन्ना नारंगे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्रीवास्तव ने सभी को चिंतन दिवस की बधाई देते हुए स्काउट-गाइड के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय सभागार में संपन्न यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

## मार्च में छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल गांधी, मनरेगा बचाओ संग्राम रैली में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी मार्च के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। इस दौरान वे धमतरी जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता



राहुल गांधी अपनी इस जनसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम, जंगल कटाई, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर जनता को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के धमतरी पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की इस जनसभा में प्रदेश भर से 50 हजार से ज्यादा लोग जुटने वाले हैं, इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

## मन की बात राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण को जिले के सातों मंडलों के समस्त बूथ क्रमांकों में भारतीय जनता पार्टी के

- पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुनी मन की बात

पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से उत्साहपूर्वक सुना गया। गीदम के छिंदनार स्थित बूथ क्रमांक 22 में कार्यक्रम को विशेष रूप से सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, मंडल महामंत्री संध्या शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नरगिस अंसारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश शुक्ला, बारसूर मण्डल अध्यक्ष सुनील नाग



सहित बूथ स्तर के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने जनभागीदारी, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान, नवाचार, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इन विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरित करता है और हमें सकारात्मक सोच, सेवा भावना तथा देशहित में कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संदेशों को घर-घर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली।

---

## भाजपा किसान मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस द्वारा एआई समिट में किये गये बेहूदा और शर्मनाक करतूत के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी

- एआई समिट में कांग्रेस की शर्मनाक करतूत के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

का पुतला फूंका। स्थानीय गुरूनानक चौक में भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी कर विरोध और रोष जताया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का कृत्य देश की छवि बिगाड़ने वाला है। कांग्रेस और उनके तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते हुये अब देश का ही विरोध करने लगे हैं। उनके ऐसे शर्मनाक कृत्य के लिये कांग्रेस नेता राहुल का पुतला फूंक कर विरोध जाहिर किया गया है। पुतला दहन के दौरान रजनीश पाणिग्राही, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, अभिलाष यादव, माहेश्वरी ठाकुर, शशिनाथ पाठक, फूल सिंह सेठिया, राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, पिंटू अभिषेक साव, ममता राणा,नीलम यादव, ललिता बघेल, कलावती कसेर आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता न्याय को सशक्त बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तकनीकी एवं विधिक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जागरूकता एवं तकनीकी पहलुओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में तकनीकी, डिजिटल व्यवस्था, प्रक्रियात्मक सुधार और विधायी संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उपभोक्ता संरक्षण विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग के



अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, मध्यप्रदेश, गोवा, बिहार, झारखंड उत्तरप्रदेश सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**डिजिटल सुविधाओं के उपयोग पर जोर :** इस दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग और ई-हियरिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को घर बैठे शिकायत दर्ज करने और सुनवाई में भाग लेने की सुविधा मिल रही है। उपभोक्ता न्याय को किफायती, पारदर्शी और त्वरित बनाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। सभी उपभोक्ता आयोगों में प्रक्रियात्मक एकरूपता लाने, मानकीकृत नियम एवं दिशानिर्देश अपनाने तथा केस मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान शिकायत स्वीकृति की प्रक्रिया, उपभोक्ता आयोग के आर्थिक एवं क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार, शिकायत और जवाब दावा प्रस्तुत करने की समय-सीमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को स्पष्ट किया।

## डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा आमरण अनशन 60वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लगातार 60 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने के कारण शनिवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। केंद्रीय जेल में बंद डीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर हमें सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति नहीं दी जाती तो हम पूरे परिजनों के साथ डीएड अभ्यर्थी विधानसभा घेराव करते हुए सामूहिक गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन करते हुए जेल में ही आमरण अनशन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुडा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उदघोषणा //**

राजस्व प्रकरण क्रं./ ब-121/ 202601152300058/2025-26
ग्राम मिचनार प.ह.नं. 20

एतद् द्वारा के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक द्वारा स्वयं के जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा का मूलप्रति एवं आधारकार्ड, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक अनिल कुमार पिता स्व. धनसिंह का जन्म दिनांक 07/05/1994 उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 04/02/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

## 25 करोड़ की शासकीय जमीन निजी खाते में चढ़ाकर बेचने का आरोप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड (ग्राम पुरैना) स्थित लगभग 25 करोड़ रुपए कीमत की शासकीय जमीन को तहसीलदार द्वारा निजी खाते में चढ़ाकर बेचे जाने का आरोप लगा है। यह आरोप सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया में अपनी आईडी से एक मैसेज पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक नायब तहसीलदार ज्योति सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक पूर्व मंत्री के लिए यह पूरा खेल खेला है। इधर तहसीलदार ने इस आरोप को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा है कि जिस आर्डर की बात कही जा रही है, वह उसके कार्यकाल का ही नहीं है, क्योंकि यह कलेक्टर कोर्ट का आर्डर है और इसमें सिर्फ नक्शा सुधार नहीं हो पाया है।

## कैट ने वित्तमंत्री को राज्य के आम बजट के लिए दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंडी शुल्क समाप्ति, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना सहित अन्य सुझाव

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी आम बजट के लिए बिंदुवार सुझाव दिया है। इन प्रमुख सुझाव में ट्रेडर्स के लिए रियायती दर पर ऋण और मुख्यमंत्री मेरी दुकान योजना, व्यापारियों के लिए इंश्योरेंस और पेंशन योजना संबंधी सुझाव शामिल है।

इसी तरह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मंडी शुल्क समाप्ति और कृषि उत्पादोंपर व्यापारिक भार को कम करने प्रदेश के वित्त मंत्री को सुझाव दिया है। छत्तीसगढ़ के आम बजट में व्यापारिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना - स्मार्ट बाजार, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना, स्मार्ट टूरिज्म नीति और स्थानीय व्यापार को जोड़ने संबंधी सुझाव दिया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मिर्जा एजाज बेग बने राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य मिर्जा एजाज बेग को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने शनिवार को अधिसूचना जारी की है। हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (1) में निहित प्रावधान अनुसार छग राज्य हज कमेटी के नामांकित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर मिर्जा एजाज बेग का चुनाव किया गया। उसके बाद राज्य शासन द्वारा अधिूसचना जारी कर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। जुमा नमाज के बाद हजरत गरीब नवाज मस्जिद संजय नगर के मुतवल्ली मोहम्मद अली एवं मस्जिद कमेटी के मेम्बरान तथा मुस्लिम समाज ने गर्मजोशी से श्री बेग का स्वागत किया। श्री बेग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं पार्टी के समस्त वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया है।

### 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ सरचार्ज

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होकर नगर हित से जुड़े सुझावों को सामने रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम



एक जनसेवी संस्था है, जिसका उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं है। विद्युत नियामक आयोग नगर निगम को ग्रास सब्सिडाइजेशन श्रेणी में न रखे और व्यावसायिक दर श्रेणी से बाहर रखे। अधिक बिल के कारण आवश्यक सेवाएं प्रभावित होंगी। महापौर मीनल चौबे ने सवाल उठायाा कि 300 करोड़ का बिजली बिल और उस पर 50 करोड़ का सरचार्ज। क्या इसे यूजर चार्ज और संपत्ति कर के रूप में ही जनता की जेब से वसूलें? रायपुर नगर निगम की महापौर ने विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि नगर निगम जनसेवा का कार्य करती है।

### कर्मचारी की सतर्कता से उरला के संगीता फ्यूल्स में टला बड़ा हादसा

**रायपुर।** उरला स्थित संगीता फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की मुस्तैदी और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। 18 फरवरी की शाम लगभग 7.40 बजे दो युवकों की लापरवाही से अचानक आग भड़क उठी, जिसे पेट्रोल पंप के ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग सिस्टम और प्रशिक्षित स्टाफ ने चंद सेकंड में नियंत्रित कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक में ईंधन भराने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने सुरक्षा चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए लाइटर जला दिया। ईंधन भरते समय इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत से बाइक की टंकी के पास हल्की आग भड़क उठी, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

### भंगाराम पार्क में हिंदू सम्मेलन का आयोजन, मात्र शक्तियों की रही भागीदारी

# समाज भटकाने वाली ताकतों से दूर रहें : प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पथरागुड़ा में भंगाराम चौक पार्क पर हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। शिवजी मंदिर से मात्र शक्तियों का कलश यात्रा प्रारंभ हुआ जो श्री राम के

- श्रीराम के जयकारे के साथ निकाली कलश यात्रा

जयकारे के साथ पथरागुड़ा बस्ती के विभिन्न गलियों से भ्रमण करते हुए माता मंदिर होते हुए भंगाराम शिवालय पर समाप्त हुआ। कलश यात्रा में 100 से अधिक महिलाओं का समूह शामिल था। भंगा राम चौक पार्क पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता विभाग संपर्क प्रमुख सचिन द्विवेदी जी रहे। प्राची गर्ग राष्ट्र सेविका समिति छत्तीसगढ़ प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद के प्रतीक नगर प्रमुख, देवांगन







समाज से दमयंती देवांगन रही। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथियों के द्वारा संपन्न हुआ। कुमारी सुवर्णा के द्वारा सत्यम शिवम सुंदरम गीत की सुंदर नृत्य प्रस्तुति की गई।

महिला मंडलियो के द्वारा गणेश भजन, शिव शंकर का भजन एवं आदिशक्ति मां दुर्गा के भजनों का गायन तीन-तीन भजन मंडलियों द्वारा किया गया। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और भारत माता की आरती सब लोगों ने एक साथ मिलकर किया। प्राचीगर्ग ने मात्र शक्तियों के बलिदान ,समर्पण और दिग्गज महापुरुषों के माता के रूप में उन्हें परिभाषित करते हुए मां की महत्ता को समझाया। सचिन द्विवेदी ने हिंदुओं को क्यों संगठित रहना चाहिए, और अपने धर्म के प्रति अटूट विश्वास और संगठित रहने की बात पर बल दिया। प्रतीक ने हिंदुओं को अपने धर्म के प्रति गर्व रहने और समाज को भटकाने वाली ताकतों से दूर रहने पर जोर दिया। मंच का संचालन दिव्य नारायण साहू और दमयंती देवांगन ने किया। युवा शक्ति और मातृ शक्तियों का विशेष रूप से सहयोग मिला। जिनमें में मीना साहू, ज्योति देवांगन, सरोज भोई, पिल्लन सेन, और दिव्य नारायण साहू, प्रियांशु शुक्ला, पिंटू बिशोई, रंजीत पटनायक, ललित नारायण साहू, बॉब सोनी, मानव संगतानी आदि युवाओं ने हिन्दू सम्मेलन में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी शशिकांत सिंह गौतम विभाग प्रमुख सामाजिक सद्भाव और चन्द्र प्रकाश देवांगन सामाजिक सद्भाव जिला प्रमुख थे। चंद्र प्रकाश देवांगन ने सभी अतिथियों का, मातृ शक्तियों का और युवाओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में महा भंडारा का आयोजन किया गया। नगर के सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करेगी इग्नू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जैसे आदिवासी और दूरस्थ अंचल में उन लोगों के लिए शिक्षा की नई संभावनाएं खुल रही हैं, जो समय पर नियमित पढ़ाई नहीं कर पाएं हैं। बस्तर पर इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी का

- क्षेत्रीय निदेशक ने इग्नू के प्रति घटते रुझान पर जताई चिंता

विशेष ध्यान है। हम चाहते हैं कि बस्तर में भी शिक्षा का स्तर बेहतर हो। हम वर्तमान में इग्नू के माध्यम से कुल 333 पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं, जिनमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा सहित ऑनलाइन और ऑफलाइन कोर्स शामिल हैं। इनमें पारंपरिक विषयों के साथ-साथ रोजगारोन्मुख आधुनिक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। यह बातें बस्तर प्रवास पर पहुंचे इग्नू के क्षेत्रीय



निदेशक डॉ. राजेंद्र गौड़ा ने आज पत्रकारों को बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा से इग्नू में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या नगण्य है। इसे ध्यान में रखते इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से बस्तर और सरगुजा संभाग में डिस्टेंस एजुकेशन को बढ़ावा देने शासन की मंशा अनुरूप अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान डॉ. राजेंद्र ने बताया कि देशभर में लगभग 33 लाख विद्यार्थी इग्नू से अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन बस्तर में अभी इग्नू के प्रति अपेक्षित जागरूकता नहीं है, यहां विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के महत्व पर प्रकाश डालते उन्होंने बताया कि इग्नू को नेक से ए++ ग्रेड और एनआईआरएफ में शीर्ष रैंकिंग प्राप्त है तथा इसकी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता उच्च स्तर की मानी जाती है। डॉ गौडा के मुताबिक इग्नू की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि छात्र किसी भी नियमित महाविद्यालय में अध्ययनरत रहते ही इग्नू से दूसरी डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। पीजीडीसीजे, साइबर लॉ और मास कम्युनिकेशन जैसे पाठ्यक्रम युवाओं के लिए विशेष उपयोगी हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा नहीं है, जिससे किसी भी उम्र के लोग शिक्षा से जुड़ सकते हैं। इग्नू में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री घर तक उपलब्ध कराई जाती है और केवल परीक्षा के समय केंद्र में उपस्थित होना होता है।

जगदलपुर केंद्र के प्रभारी डॉ तुनीर खेलकर ने बताया कि इग्नू में एससी-एसटी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है, उन्हें बीए, बीएससी और बीकॉम पाठ्यक्रमों में प्रवेश पर 50 प्रतिशत शुल्क में छूट दी जा रही है। वहीं जेल में बंद कैदियों के लिए इग्नू द्वारा निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसमें परीक्षा केंद्र भी जेल परिसर के भीतर होता है।

## आड़ावाल में सफाई अभियान...



**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत के अंतर्गत ग्राम आड़ावाल में सफाई कार्य रविवार को किया गया। इसमें लगभग 60 से 70 लोगो ने भाग लिया। उप सरपंच दिनेश जना की पहल से प्रत्येक रविवार को मुक्तिधाम और आड़ावाल पंचायत के सड़क आदि क्षेत्र में श्रमदान कर युवा वर्ग सफाई कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

## मन की बात के 131वें एपिसोड का भैरमदेव वार्ड में सामूहिक श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भैरमदव वार्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिल्ली में आयोजित ऐतिहासिक एआई समिट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में विश्वभर के प्रतिनिधियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को नजदीक से देखा। उन्होंने बताया कि भारत ने तीन "मेड इन इंडिया" एआई मॉडल भी लॉन्च किए हैं। साथ ही एआई के माध्यम से प्राचीन ग्रंथों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी दी।साइबर सुरक्षा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने "डिजिटल अरेस्ट" जैसे बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से केवाईसी प्रक्रिया को समझने और किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहने का आग्रह किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने हाल ही में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रकाश रावल, प्रभारी आशा महापात्र, कमला जंगम, ज्योति जंगम, शारदा जोशी, पुष्पा मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मिलर बाहर जिला का चावल जमा करने पर 21 हजार का दंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर राइस मिल ऐसोसिएशन की बैठक रविवार को हुई जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि

- बस्तर ऐसोसिएशन की बैठक में सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित

23 फरवरी को सभी मिलर अनिवार्य रूप से डीएमओ ऑफिस में सुबह 11 बजे तक पहुंचेंगे एवं डीएमओ से डीएससी संबधित चर्चा कर कलेक्टर एवं हमाली दर का निराकरण करने हेतु प्रयास किया जाएगा। मिलर प्रतिनिधि हमालों से चर्चा करेंगे। कोई भी मिलर बाहर जिला का चावल जमा नहीं करेगा। दोषी पाए जाने पर 21 हजार रुपए दंड का प्रतिभागी बनेगा। ऐसोसिएशन की ओर से उन्हें दंडित किया जा सकता है। बैठक में सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित हुआ। इस दौरान 30 मिलरो की उपस्थिति रही।



## धूमधाम से मना नर्मदेश्वर शिवालय का प्रथम वर्षगांठ

**जगदलपुर।** शहर के आकाश नगर नर्मदेश्वर शिवालय मंदिर की प्रथम वर्षगांठ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। पिछले वर्ष 22 फरवरी को विधि-विधान से मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। स्थापना की इस प्रथम वर्षगांठ पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का भव्य कार्यक्रम रखा गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अखण्ड रामायण पाठ, विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, भजन-कीर्तन और विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। समापन अवसर पर आयोजित महाभंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। दूर-दराज से भी भक्तजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने इसे आस्था, एकता और भक्ति का अद्भुत संगम बताया।

### सरदार वल्लभभाई पटेल शक्ति केंद्र में सुनी गई मन की बात



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का कार्यक्रम के 131वे संस्करण का श्रवण अंतरराज्यीय कुशाभाऊ ठाकरे बस स्टैंड सरदार वल्लभभाई पटेल शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 128 जगदलपुर में किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद आशा साहू, पूर्व जिला मंत्री बाबूल नाग, पूर्व मीडिया प्रभारी रोशन झा, पश्चिम मंडल कार्यालय प्रभारी दिलीप सुंदरानी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने बैंकिंग खेल सामाजिक गतिविधि स्वास्थ्य के मुद्दों पर अपना ध्यान आकर्षित किया। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के जनता को जागरूक किया और साथ ही साथ आई सममिट की सफलता पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। एक मार्मिक कहानी भी बताई जो केरल के बच्चे की आकस्मिक मृत्यु पर भी गौर किया और अपना शोक प्रकट किया। कार्यक्रम में राजेश राव, पंकज मिश्रा, विपिन योगी, आकाश बघेल, सोनू झा, राजू ललित, अशोक, पंकज, पवन, योगेश समेत वार्ड वासी उपस्थित थे।




# भाजपा सरकार विकास के साथ नक्सलवाद खत्म करने प्रतिबद्ध- भरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी की ब्लॉक मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि- एक तरफ भाजपा की सरकार

- बस्तर में विकास की बहती धारा से घबराए लोग नक्सली विचार धारा को संरक्षित कर रहे

सरकार गरीब किसान आदिवासियों को राष्ट्रीय विकास धारा से जोड़ने रात दिन जमीनी स्तर पर काम करने के साथ नक्सली भय और हिंसा को खत्म करने लगी है वहीं दूसरे तरफ कुछ विकास विरोधी लोग गंभीर हत्याएं, जिनके हमले, निर्दोष जवानों के खून बहाने वाले हिड़मा को हितैषी बताकर नक्सली विचारधारा को संरक्षण देने लगा हैं। भाजपा ब्लॉक मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने कहा कि जिस तरह केंद्र में सरकार देश की गरिमा के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है इस तरह से छत्तीसगढ़ की सरकार छत्तीसगढ़ सहित बस्तर में विकास की धारा से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने सफल रही है केवल यही नहीं पार्टी द्वारा विकास के रास्ते में आने वाले और निर्दोषों के खून बहाने वाले नक्सलवाद के लिए बकायदा डेड लाइन घोषित



कर रखी है। ऐसे में विकास विरोधी नक्सली विचारधारा को संरक्षण देने लगे हैं इससे भोले भाले लोग भ्रमित हो रहे हैं। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि हजारों लोगों हत्या के साथ सैकड़ों सुरक्षा कर्मियों के उनके परिवार और जिंदगी से छीन लेने वाले हिड़मा को हीरो बताने से ज्यादा जरूरी है, असीम संभावना लिए बस्तर का विकास। भरत ने कहा कि डर,भय, बंदूक से तरक्की की इबारत नहीं लिखी जा सकती जरूरी है कि आम लोगों के आदिवासियों के ग्रामीणों के गरीबी दूर करने, उन्हें शिक्षा से जोड़ने के साथ उनके विकास के लिए सरकार के हर एक महत्वपूर्ण छोटी सी छोटी योजनाओं से जोड़ने की ना कि नक्सलवाद जैसे हिंसक संघर्ष को किसी भी तरह से बढ़ावा देने की या फिर इस तरह के विचारधारा को संरक्षित करने के। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बस्तर के विकास के लिए निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर सरकार के साथ सब एक जूट होकर चले।

